## ई एस एल शिक्षक किस प्रकार सहायता करते हैं?

वे हमेशा बोर्ड पर गृह कार्य लिखते हैं ताकि मैं अपने प्लेनर में इसकी नकल कर सकूं।

वे न केवल पाठ्य पुस्तक बल्कि चित्रों वाली अनेक पुस्तकों का उपयोग करते हैं ताकि मुझे समझने में मदद मिल सके।

मैं पहले से जो कुछ जानता हूं वे उसे बताने में मेरी मदद करते हैं, भले ही मुझे इसे अंग्रेज़ी में कहने में मुश्किल होती है।



*मेरे सामाजिक शिक्षक ने यह बताया कि पाठ को किस प्रकार व्यवस्थित किया जाता है। अब यह पता लगाना आसान है कि कौन से विचार अति महत्वपूर्ण हैं।"*

*जॉनी, आयु 15 वर्ष*

VSB

## "ESL Support Class - Why?"

[Hindi]

यह ब्रोशर वैनकूवर स्कूल बोर्ड के सैटलमेंट वर्कर्ज़ (VSB SWIS) द्वारा प्रायोजित किये गए कई ब्रोशरों में एक है। इसकी रचना कुछ ई.एस.एल. (ESL/ELL) शिक्षकों तथा वैनकूवर स्कूल बोर्ड के मल्टीकल्चरल लिएजों वर्कर्ज़ (VSB MCLW) ने की है।

Canada WelcomeBC

यह ब्रोशर कनाडा और ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत की सरकार से धन के माध्यम से संभव बनाया गया है।

# ई एस एल सहायता कक्षा क्यों?



***मैं ई एस एल सहायता कक्षा को इसलिए पसंद करती हूं क्योंकि शिक्षक मुझे सब कुछ अंग्रेज़ी में सीखने में मदद कर रहे हैं!***

## अंग्रेज़ी सीखना वाकई एक मुश्किल काम है!

*"अंग्रेज़ी में कहानियां, कविताएँ, तथा उपन्यास पढ़ना व गणित, विज्ञान एवं सामाजिक अध्ययन विषय सीखने में लंबा समय लगता है और मैं जितना जल्दी हो सके, सीखने के लिए जी-तोड़ मेहनत कर रही हूं।"*

*जिन, आयु 11 वर्ष*



## ई एस एल शिक्षक अनेक प्रकार से मेरी मदद करते हैं:

वे ज्यादा धीरे व अधिक स्पष्ट रूप से बोलते हैं।

कभी-कभार जब मैं सचमुच कहीं अटक जाती हूं तो वे नए विचारों में सहायता के लिए सहपाठी के साथ मेरी मातृभाषा में बातचीत करने की अनुमति देते हैं। मैं इसे पसंद करती हूं ताकि मैं यह बता सकूं कि मैं सच में विषय के बारे में जानती हूं।

वे मुझे उदाहरण देते हैं और चित्र दिखाते हैं, ताकि मुझे समझने में मदद मिले।

वे मुझे यह बताते हैं कि अंग्रेज़ी भाषा किस प्रकार कार्य करती है।

वे हर रोज़ मुझे नए शब्द सिखाते हैं।

वे मुझे पढ़ाते हैं कि किस प्रकार पाठ्य पुस्तकों से अधिकाधिक संभव जानकारी प्राप्त की जाए।

प्रायः उनके पास इस बात के उदाहरण होते हैं कि एक 'अच्छा' प्रोजेक्ट या दस्तावेज कैसा दिखाई देना चाहिए।

वे कक्षा में उत्तर देने से पहले सोचने के लिए मुझे समय देते हैं।

वे मुझे नोट्स बनाने व अध्ययन में मदद करने के लिए रणनीति से अवगत कराते हैं।

वे वास्तव में मेरी बात सुनते हैं तथा मुझे समझने का प्रयास करते हैं। तत्पश्चात् वे अच्छी अंग्रेज़ी में मुझे विचारों को व्यक्त करने में मदद करते हैं।

वे जानते हैं कि नई भाषा सीखना एक कठिन कार्य है, इसलिए बीच में विराम देने के लिए कभी-कभार हम मस्ती करते हैं तथा ऐसे खेल भी खेलते हैं जिनके द्वारा जो हमने सीखा है उसका अभ्यास कर सकें।

जब वे हमसे बातचीत कर रहे होते हैं तो वे उन चीजों को बोर्ड पर लिख देते हैं ताकि मैं नए विचारों और शब्दों को बेहतर ढंग से समझ सकूं और उन्हें याद रख सकूं।

वे व्याकरण तथा वर्तनी की बजाय विचारों के लिए अधिक अंक देते हैं।

वे यह जांच करके सुनिश्चित करते हैं कि बातें मेरी समझ में आ रही हैं, भले ही मुझे इतनी शर्म आती हो कि मदद भी न मांग पाऊं।